दिनांक 03—04—2019 को अग्रवाल महाविद्यालय के संभाग तृतीय में Placement Cell के तत्वावधान में Freon Aviation Institute, Faridabad के तहत एक Campus Drive का आयोजन किया गयाा । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ । इस कार्यक्रम का आयोजन Training and Placement Officer डॉ. शिल्पा गोयल की देख—रेख में हुआ । यह कार्यक्रम Airhostess एवं Aviation Industry के अन्य Department की भर्ती के लिए छात्राओं को रोज़गार प्राप्त कराने हेतु कराया गया, जिसमें Freon Aviation Institute से सुश्री हिना नागपाल, CEO, Freon Aviation Academy और सुश्री आकृति, Airhostess, Indian Airlines मुख्य रुप से उपस्थित थीं । इस ड्राइव में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया । इस प्रक्रिया को 6 चरणों में विभाजित किया गया है, जिसमें से आज तीन चरण कराए गए । प्रथम चरण में छात्राओं का वजन एवं कद मापा गया । जो छात्राएँ योग्य थीं, उन्होंने दूसरे चरण में प्रवेश किया । द्वितीय चरण में चयनित हुई छात्राओं का Aptitude Test हुआ । इस Aptitude Test में जो छात्राएँ चयनित हुईं, उनके साक्षात्कार हुए । जो छात्राएँ साक्षात्कार में सफल हुई हैं, उनके अगले तीन चरण, Freon Institute में होंगे और जो छात्राएँ 6 चरणों में सफल होंगी, उनका ही अंतिम चयन होगा । इस रोज़गार मेले में श्रीमती किरण आनन्द, डॉ. पूनम आनन्द, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. रेखा रानी, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. सचिन गर्ग, तृप्ति, सोनिया, कृतिका, याचना, अनीता, स्वाति, स्नेह, सुनैना आदि प्राध्यापक विशेष रूप से उपस्थित थे ।